भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

डोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर में यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि

नई दिल्ली, 10 फरवरी , 2023: अरुणाचल प्रदेश का और राज्य की राजधानी ईटानगर हेतु प्रथम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, डोनी पोलो हवाई अड्डा, जिसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 नवंबर, 2022 को किया गया था, पर कई नए मार्गों का प्रचालन आरंभ हो गया है और यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। हवाईअड्डे पर दैनिक यात्रियों की औसत संख्या 280 यात्रियों (जनवरी 2023 डेटा) तक है और यहाँ से बुधवार को छोड़कर प्रतिदिन छह उड़ानें प्रचालित होती हैं।

हवाई अड्डे पर पहली वाणिज्यिक उड़ान के रूप में 28 नवंबर, 2022 को, इंडिगो एयरलाइंस द्वारा ए-320 प्रकार के विमानों के साथ, ईटानगर-कोलकाता सेक्टर पर अपनी सेवाएं प्रारम्भ की गईं, जोकि अरुणाचल प्रदेश के नागर विमानन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक प्रारम्भ है। ईटानगर से कोलकाता और मुंबई को जोड़ने वाली उड़ान का उद्घाटन माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ने वीडियो लिंक के माध्यम से किया, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री श्री चौना मीन और राज्य सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए।

इसी प्रकार अन्य क्षेत्रीय एयरलाइंस ने भी ईटानगर से उड़ानें प्रारम्भ कीं। फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ईटानगर-गुवाहाटी के बीच बहुप्रतीक्षित हवाई संपर्क आरंभ किया गया। आम नागरिक हेतु विमान यात्रा को किफ़ायती बनाते गुए क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने की भारत सरकार की प्रमुख योजना, क्षेत्रीय संपर्कता योजना-उड़ान, के अंतर्गत दिनांक 15 जनवरी, 2023 को उत्तर पूर्वी राज्यों की दो राजधानियों के मध्य सीधा संपर्क प्रारम्भ किया गया । उड़ान योजना के अंतर्गत फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट पर लगभग 500 किमी की एक घंटे की यात्रा या हेलीकॉप्टर पर 30 मिनट की यात्रा का किराया रु. 2500/- है, जोकि उड़ान क्षमता के 50% (आरसीएस सीटों) पर लागू है ।

ईटानगर-गुवाहाटी उड़ान के आरंभ के साथ फ्लाईबिग ने अपने नेटवर्क पर ईटानगर को 10वें और पासीघाट और तेजू सहित अरुणाचल प्रदेश में तीसरे स्थान के रूप में जोड़ा। ईटानगर-गुवाहाटी उड़ान का उद्घाटन श्री धर्मेंद्र, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश, श्री सचिन राणा, उपायुक्त, पापुम पारे जिला, ईटानगर और श्री सतीश गोलचा, डीजीपी, ईटानगर द्वारा किया गया।

इस हवाईअड्डे ने अरुणाचल प्रदेश में संपर्क को भी सुदृढ़ किया है, जिसमें चार प्रचालन हवाईअड्डे ईटानगर, पासीघाट, जीरो और तेजू हैं। एलायंस एयर ने अपने डोर्नियर 228 प्रकार के विमानों के साथ 29 नवंबर 2022 से डिब्रूगढ़ में अपने बेस के साथ डोनी पोलो हवाई अड्डे, ईटानगर से अंतर्देशीय संपर्कता का आरंभ किया । यह प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को ईटानगर-ज़ीरो उड़ान प्रचालित करता है। इसी तरह ईटानगर-पासीघाट उड़ान प्रत्येक गुरुवार और रविवार को प्रचालित होती है। उपरोक्त उड़ानें प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को डिब्रूगढ़ से पहुँचती हैं।

डोनी पोलो हवाई अड्डे का वर्तमान अंतरिम यात्री टर्मिनल भवन 2000 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें 1500 वर्गमीटर की कैनोपी है, जो पूर्णतया वातानुकूलित है। टर्मिनल में शिशु देखभाल कक्ष है और यह दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक प्रावधानों से सुसज्जित है।

यह टर्मिनल भवन विद्युत रोधी छत, ग्लेज़िंग और वाल पैनल; सभी क्षेत्रों में एलईडी लाइट्स और एएचयू के लिए ऊर्जा कुशल मोटर/ड्राइव, एसी कंप्रेसर, कन्वेयर, पंप इत्यादि सहित ग्लेज़िंग और वाल पैनलिंग के संतुलित उपयोग के प्रावधान के साथ गृह-IV अनुरूप ऊर्जा कुशल है; अपशिष्ट उपचार संयंत्र द्वारा उपचारित जल का उपयोग बागवानी के लिए होगा जो मिट्टी या जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करेगा। अक्षय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए 125 किलोवाट आवर का सौर संयंत्र लगाया जा रहा है और जो मार्च 2023 के अंत तक पूरा हो जाएगा।

डोनी पोलो हवाई अड्डा, अरुणाचल प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी भाग में स्थित है और असम की राज्य सीमा साझा करता है। यह हवाईअड्डा अरुणाचल प्रदेश में कुरुंगकुमे, क्रैडडी, लोअर सुबनसिरी, पूर्वी कामेंग, पक्केकेसांग और कामले जैसे कई निकटवर्ती जिलों और असम में विश्वनाथ और लखीमपुर में 20 लाख से अधिक की जनसंख्या के लिए की सेवाएँ प्रदान करता है ।

डोनी पोलो हवाई अड्डे ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर तक पहुंच को सुगम्य बनाया है। राज्य में प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों को तीव्रता से राहत पहुंचाने में हवाईअड्डा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी हेतु, संपर्क करें म प्र (नि सं) : 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 38/2022-23